
TEAM FMC
JUNOON NEVER DIE
SPCL-008
APOCALYPSE
SAVE INDIAN COMICS
Singh balbinder
www.facebook.com/teamfanmadecomics

# Disclaimer

प्यारे कॉमिक्स जुनूनियों !

सर्वप्रथम आप सबको होली के इस पवन पर्व की हार्दिक शुभकामनायें इस पावन पर्व को भाई-चारे से मनाएं और आपस में खुशियाँ बांटे। जिस प्रकार टीम FMC आप सब फैन्स को जोड़े रखती है और आपको समय-समय पर मनोरंजक कॉमिक्स उपलब्ध कराती है। हम सबका मकसद कॉमिक्स इंडस्ट्री को बचाना है और आप सबके सहयोग की हमें हमेशा जरूरत रहेगी। जैसा कि आप सब जानते हैं, हमारा उद्देश्य किसी भी प्रकार धनोपार्जन करना नहीं है। फैन मेड कॉमिक्स का उद्देश्य किसी भी प्रकाशन के पात्रों के कॉपीराइट का उल्लंघन करना भी नहीं है। हमारा उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ कॉमिक्स फैन्स को जोड़े रखना है, जिसमें हम सफल होते दिख रहे हैं।

मित्रों ! काफी लम्बे वक्त से टीम FMC की कोई कॉमिक्स नहीं आ पाई। अब आपके जुनून को पुनः रिचार्ज करने के लिए हमारे धुरंधर एडिटर श्री हुकम महेन्द्रा लेकर आयें हैं एक ऐसा रोमांचक फैन मेड कॉमिक्स जो आपको एडिटिंग के मामले में दांतों तले उंगलियाँ दबाने के लिए मजबूर कर देगा। तो ज्यादा कुछ न कहते हुए आपसे विदा लेता हूँ। मिलेंगे अगले भाग में....

TEAM FMC

बलबिन्दर सिंह
TEAM FMC

Admin & Creator



Balbinder Singh

Admin & Creator



Hukam Mahendra

Admin & Supporter



Vinay Kumar sharma

Admin & Supporter



Mahesh Kumar


इंसान ...विधाता की बनाई हुई सबसे शानदार रचना...जीवों में सबसे बुद्धिमान प्राणी । इंसान अपने स्वभाव के अनुसार सर्वप्रथम खतरे को ही खत्म करता है । अपने इसी स्वभाव के कारण वह अपनी और अपनों की रक्षा करता है। कई बार यही स्वभाव ही कारण बनता है...कयामत का।
नहीं !!
किसने किया ये सब ? कौन है इस सब का जिम्मेदार ?
तुम !
तुम हो इसके जिम्मेदार, तुमने किया ये सब..
तुम में अपार शक्ति है । तुम्हारी शक्तियों की ना कोई हद है ना कोई सीमा।
तुम रोक सकते थे ये सब, लेकिन तुमने गलत चुनाव किया। तुम्हारे एक गलत चुनाव के कारण ही आई है ये ..


TEAM FMC की प्रस्तुति
APOCALYPSE
आरम्भ एक क़यामत का
PART-1
एडिटिंग, सुलेख एवं संवाद
हुकम महेन्द्रा
मुख्य पृष्ठ एडिटिंग
बलबिन्दर सिंह
संपादन
विजय कुमार शर्मा
सहयोग
कबीर वेल्ला
एवं
महेश कुमार
TEAM FMC


दिल्ली
जिसका रखवाला है... परमाणु
दिल्ली के क्राइम ग्राफ को नीचे लाने के लिए परमाणु की निगाहें हर समय दिल्ली पर रहती हैं।
GOTHAM CASINO
HOTEL


परमाणु की निगाहों से कोई भी अपराधी बच नहीं सकता
अचानक प्रोबॉट का संदेश गुंजा परमाणु के कानों में
परमाणु ! NCR क्षेत्र में एक हलचल देखी गई है पता नही ये क्या है ये बहुत तेजी से आया और अब स्थिर खड़ा है।
जिंग जिंग
प्रोबॉट तुम्हें क्या लगता है, क्या चीज हो सकती है ?
कुछ भी हो सकता है कोई छोटा विमान, या तुम्हारी तरह कोई उड़ने वाला मनुष्य ...
थड़!
...या फिर कोई अत्याधुनिक मिसाइल जैसा।
ठीक है मैं देखता हूं मुझे वहाँ की लोकेशन दो।
प्रोबॉट की बताई लोकेशन पर..
..पहुँच कर चौंक गया परमाणु
मैं इसे जानता हूँ प्रोबॉट, इसके बारे में सिर्फ सुना है पर कभी इस से मिला नहीं, लेकिन ये यहाँ किसलिए आया है इसका पता लगाता हूँ।
कौन है वो
ये है...


..IRON MAN
तुम आयरनमैन हो ना । वो मशहूर साइंटिस्ट टोनी स्टार्क !
भारत में तुम्हारा स्वागत है।
हाँ
और तुम हो वंडर-मैन परमाणु
बिलकुल ठीक पह-चाना,भारत में आने की कोई खास वजह?
ALWAR 160 K.M
हा हा हा । पर किस लिए ? तुम्हारे बारे में सुना है कि तुम मजाक अच्छा कर लेते हो । आज देख भी लिया।
हम्मम ! वजह जानने का अभी समय नहीं आया है परमाणु , फिलहाल तो मैं तुमसे यहाँ लड़ने आया हूँ ये जानने के लिए कि हम दोनों में से कौन ज्यादा ताकतवर है।


इतने में ही आयरन मैन ने परमाणु पर हमला कर दिया
माफ करना परमाणु ये जरूरी है,अब इस दुनिया को खत्म होने से केवल तुम ब्रह्माण्ड रक्षक ही रोक सकते हो। बस मेरा ये प्लान कामयाब हो जाए
अब तुम्हें पता लग ही गया होगा कि ये मजाक तो बिलकुल नहीं था।


स्क्रssssश
तुम्हारे बारे में ये भी सुना है कि तुम बहुत घमंडी हो और वो दिख भी रहा है,अब इस घमंड को तो तोड़ना ही पड़ेगा।
TEAM FMC
अब वार करने की बारी परमाणु की थी


एक ही वार से आयरन मैन को परमाणु की ताकत का अहसास हो गया
SHHHSHOOOM
ओह्ह ! जितना सोचा उस से ज्यादा पावरफुल है ये



गलत बात परमाणु। मेहमानों के साथ ऐसा सलूक नहीं करते।
मेहमान बनकर आते तो भारत का आतिथ्य कभी...
...भुला नहीं पाते लेकिन तुम दुश्मन बनकर आये हो...
TEAM FMC
...और दुश्मन पर कहर बनकर टूटता है परमाणु।
परमाणु के वार से आयरन मैन कई इमारतों को धराशायी करता चला गया
आह! डायलॉग अच्छा मार लेते हो।



तुम्हें एक मौका देता हूँ। यहाँ से चुपचाप चले जाओ! इसी में तुम्हारी भलाई है।
मेरी दो बातें ध्यान से सुनो...
पहली ये कि मैं यहाँ से जाने के लिए नहीं बल्कि ले जाने के लिए आया हूँ...
...और दूसरी ये कि मुझे धमकी देने वाले बिल्कुल पसंद नहीं।
आयरन मैन का ये वार बहुत शक्तिशाली था
ये क्या ले जाने की बात कर रहा है?


महायुद्ध का ऐलान हो चुका था
अब मैं तुम्हें एक नहीं दो मौके देता हूँ। हार मान लो या अंजाम भुगतो।
एक जंग यहाँ शुरू हो चुकी थी और एक जंग शुरू होने जा रही थी..


..दिल्ली के ही एक अन्य स्थान पर
जहाँ अपने प्यारे शहर पर नजर रखे हुए था
देश भक्त डिटेक्टिव तिरंगा
जो बेखबर था आयरन मैन और परमाणु की भिड़ंत से
और अपनी भी होने वाली भिड़ंत से जो थी..
..कैप्टन अमेरिका से
स्टीव रोजर जो एक प्रयोगशाला में हुए प्रयोग की बदौलत एक आम इंसान से ज्यादा ताकतवर और फुर्तीला हो गया और बन गया कैप्टन अमेरिका
तो ये है तिरंगा।
TEAM FMC
मुझे इसके सामने से ऐसे निकलना है कि इसकी नजर मुझ पर पड़े और मुझे ये गलत समझे ताकि वो योजना पूरी हो सके जिसके लिए हम यहां आए है हालांकि यह गलत है पर हम भी मजबूर हैं।
ये कौन है जो चोरों की तरह ऐसे जा रहा है।


रुको ! कैप्टन अमेरिका !
कैसे पहचाना मुझे ?
तुम्हारी शील्ड और ड्रेस से।
अब ये बताओ तुम यहां भारत में क्या कर रहे हो ? जाहिर है छुट्टियाँ मनाने तो आए नही हो।
मै यहां एक खास काम से आया हूं इस - लिए मेरे रास्ते में मत आओ तिरंगा।
ठीक है,रास्ते में नहीं आऊंगा। बस इतना बता दो कि भारत सरकार की परमिशन लेकर यहां आये हो ? ताकि पता तो लगे कि मेहमान हो या कोई घुसपैठिए हो !
माफ़ करना पर मैं बिना परमिशन के आया हूँ।
भारत तुम्हारे देश का कोई सरकारी पार्क नहीं जहां हर कोई मुंह उठाए चला आयेगा। ये भारत देश है। इसके अपने कानून हैं और गैर कानूनी तरीके से यहां आकर तुमने अपराध किया है।
मुझे बेमतलब की बहस करने की आदत नहीं। मेरी बात ध्यान से सुनो,मेरे रास्ते से हट जाओ। अन्यथा अंजाम अच्छा नही होगा।


अंजाम की फिक्र नहीं हम तूफानों से खेल लेते हैं । हम वो तीर है जो पर्वतों को चीर कर अपना रास्ता बना लेते हैं ।।
अब तुम मेरी बात ध्यान से सुनो । अवैध तरीके से यहाँ आकर तुमने इस देश का कानून तोड़ा है और..
..तिरंगा के रहते कानून से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता,फिर चाहे वो इस देश का कोई अपराधी हो या किसी और देश का कोई रक्षक । तुम्हारी भलाई इसी में है कि चुपचाप अपने आपको कानून के हवाले कर दो।
शैंक
तुम लड़ना चाहते हो तो ये ही सही ।
क्लैंक
लड़ना तो होगा ही..
बज्ज


..क्योंकि मैं तुम्हें यहां..
..अपनी कोई भी मनमानी नहीं करने दूंगा।
इसे इसके हाथों से दूर करना होगा
टोनी ने बोला था इसके न्याय स्तंभ से दूरी बनाए रखना और अब लगता है बिल्कुल सही कहा था। थॉर की याद आ गई।
तुम्हारे इस न्याय स्तंभ को गिराने के बाद तुम्हें हराना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।


तुम्हें ऐसा लगता है तो कोशिश करके देख लो । शायद कामयाब हो जाओ।
मैं यहां कामयाब होने के लिए ही आया हूं...
..क्योंकि किसी की जिंदगी दाँव पर लगी हुई है।
किसी एक की जिंदगी की खातिर हजारों की जिंदगी से खेलने का कोई हक नहीं तुम्हें।
WRAM


मैं यहां
किसी की जिन्दगी
लेने के लिए..
..नहीं आया हूं
तिरंगा। तुम मुझे गलत
समझ रहे हो।
तो सही मतलब
बताओ ? आखिर क्या
मिशन है तुम्हारा ?
मेरा मिशन
है सिर्फ...
...और सिर्फ तुम्हें
रोकना है । बस ! तुम्हारी
जान लेने की इजाजत
नहीं है।
ये मुझे क्यों
रोके रखना चाहता
है ?
लगता है दिल्ली महानायकों का युद्ध
क्षेत्र बनने जा रही थी क्योंकि -
परमाणु-आयरन मैन, तिरंगा-कैप्टन अमेरिका
के बाद एक और शख्स था जो दिल्ली में ही
किसी का इंतजार कर रहा था
या यूँ कहें कि इंतजार कर रही थी


और वो है
अमेजन की प्रिंसेज..
..WONDER WOMAN
वो मुझे यहीं मिलेगी ऐसा बताया गया था। जब कोई स्त्री संकट में हो और मदद के लिए पुकारती है तो वो जरुर आती है।
हुम्म ! तो यदि मैं भी मदद के लिए पुकारूँ तो वो जरुर आएगी !
इससे अच्छा और कोई तरीका नहीं हो सकता उसे यहां बुलाने का।
ब चा ओ
और फिर वंडर वूमन ने संकट में होने का दिखावा किया
और जब कोई स्त्री संकट में हो और मदद के लिए पुकारे तो उसकी पुकार चंदा के कानों तक न पहुंचे ऐसा हो ही नही सकता
चंदा जिसके शरीर में..


..माँ काली का अंश है जो किसी स्त्री को संकट में जानकर
जाग्रत हो जाता है और चंदा बन जाती है शक्ति
शक्ति प्रकाश की गति से भी तेज़ी से
वंडर वूमन की ओर निकल चुकी थी।


आश्चर्य अभी मैंने मदद के लिए पुकारना शुरू ही किया था और ये मेरे सामने आ खड़ी हुई। लगता है टोनी ने मुझे ही ज्यादा शक्तिशाली प्रतिद्वंदी दिया है।
क्षण भर भी नही लगाया शक्ति ने वंडर वूमन के पास पहुंचने में।
निर्भय हो जाओ।
तुम्हें देखकर लगता नहीं तुम सकंट में हो ! शायद तुम मुझे यहां बुलाना चाहती थी, किन्तु क्यों ?


समय कम ही रह गया है इसीलिए सीधा हमला करना ही ठीक रहेगा।
?
तुम हमारे कार्य में बाधा उत्पन्न कर सकती हो, इसीलिए तुम्हें ठिकाने लगाने के लिए बुलाया है मैंने।
और ये मत पूछना किस कार्य में, क्योंकि बताने का समय नहीं मेरे पास


मै तुम्हारे किसी कार्य में बाधा बन सकती हूं। मतलब वो कार्य अच्छा तो हो ही नहीं सकता और गलत कार्य शक्ति होने नहीं देगी।
गलत कार्य करने वाले को शक्ति केवल शत्रु के नज़रिए से ही देखती है.
....फिर चाहे वो कोई पुरुष हो, या फिर कोई स्त्री।
तुम्हें पता नहीं कि मुझ पर अकारण वार करके तुमने अपने लिए कितनी बड़ी मुसीबत मोल ले ली है।
TEAM FMC


वाकई बहुत शक्तिशाली है ये। आखिर दैवीय अंश जो है इसमें...
लेकिन मैं भी कोई...
..साधारण मनुष्य नहीं हूं
अब इसे अपनी शक्ति से परिचित कराती हूं।
आह! गजब की ताकत है इसमें।
असाधारण बल है तुममें। आखिर हो कौन तुम?




■ यहाँ शक्ति का अपग्रेड रूप रखा गया है जिसमें शक्ति अपने क्रोध को आँखों से लेजर बीम की तरह पैदा कर सकती है।


दिल्ली में महानायकों का दंगल शुरू हो चुका था,हो चुका था...
एक महायुध्द का आरंभ। लेकिन ये तो सिर्फ शुरुआत है...
दिल्ली में हमारा कार्य शुरू हो चुका है। अब उस हरे पहाड़ की बारी है। उसे उसके...
,प्रतिद्वंदी के पास भेजो।
...क्योंकि अभी तो इस महायुध्द का हिस्सा और भी महानायक बनने वाले थे।


असम का घना जंगल जहां की सुरक्षा का दायित्व था वुलफानों के आखिरी वंशज भेड़िया के बलशाली कंधों पर और आज भेड़िया के दायित्व की अग्नि परीक्षा थी
क्योंकि इस जंगल को चीरते हुए एकशख्स भेड़िया की तलाश में चले जा रहा था


क्या हुआ मेरी भेड़िया फौज के सिपाहियों और जंगल वासियों! तुम सब इतने घबराए हुए क्यों हो ?
और इसका पता भेड़िया को बहुत जल्द ही लग गया
भेड़िया देवता! कोई हरा राक्षस आपका नाम लेकर ललकार रहा है वो पूरे जंगल को तहस नहस करते हुए इसी ओर चला आ रहा है।
वो भेड़िया को नहीं अपने काल को ललकार रहा है। यहां अपनी मौत के पास आ रहा है वो।
उसे भेड़िया चाहिए तो उसे भेड़िया जरूर मिलेगा।


और बहुत जल्द भेड़िया के सामने आ खड़ा हुआ महाबली HULK
हे भेड़िया देव ! ये क्या बला है?
हल्क भेड़िया को फोड़ेगा।
और भेड़िया तुझे फाड़ेगा।


ये बहुत
ताकतवर लगता है।
लेकिन ये
मुझसे लड़ने क्यों आया
है । आखिर किसने
भेजा होगा इसे ?
पहला वार हल्क ने किया
हल्क भेड़िया
को फोड़ेगा पर
जान नहीं लेगा।


भेड़िया कोई पटाखा नहीं है जो तू फोड़ देगा। भेड़िया तो इस जंगल का जल्लाद है जो तुझे चीर डालेगा।
बाल बाल बचा भेड़िया हल्क के इस शक्तिशाली वार से
हल्क ज्यादा ताकतवर
वो तो मुझे भी लग रहा है।


भेड़िया बच्चों के जैसा मारता
मारना हल्क से सीखो
TEAM FMC
अब ये मुझे गुस्सा दिला रहा है।
भड़ाक


भेड़िया भूखे भेड़िया की
तरह टूट पड़ा हल्क पर
भेड़िया युद्ध कौशल का
अच्छा परिचय दे रहा था
लेकिन उसे नहीं पता कि ये हल्क है जिसे ऐसे
वारों से कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला था
भेड़िया ने एक चट्टान का टुकड़ा
उठा कर हल्क पर फेंक दिया
लगा लिया
तुमने अपना पूरा जोर..
हल्क के लिए वो तिनके
के समान थी


अब हल्क की बारी
हल्क का वार बहुत शक्तिशाली था
हल्क के आगे भेड़िया कुछ भी नहीं।
अगर मैंने अभी कुछ नहीं किया तो जल्द ही मैं मारा जाऊंगा। मुझे इसकी कोई कमजोरी ढूंढनी ही होगी।
तड़ाक्क!
आाह!
सच में भेड़िया को कुछ करना ही होगा


हल्क
हल्क है भेड़िया कुछ नहीं
..क्योंकि हल्क कहर बनकर टूट पड़ा भेड़िया पर
TEAM FMC


हल्क के ताबड़ तोड़ प्रहारों से भेड़िया अत्याधिक घायल हो गया।
भेड़िया को अधमरा समझ हल्क जाने लगा
टोनी गलत। भेड़िया कमजोर निकला खेल खत्म हुआ।
लेकिन हल्क को ये नहीं पता कि...
...भेड़िया की कमर पट्टिका उसके घावों को तुरंत भर देती है
रुक राक्षस! तूने अपनी ताकत दिखा ली....
... अब भेड़िया अपना कहर दिखाएगा और खेल खत्म नहीं हुआ है...
हे भेड़िया देवता मदद!!


ये टकराव भयानक होने जा रहा था क्योंकि दो ताकत के पहाड़ एक दूसरे को हराने की ठान चुके थे
..बल्कि खेल तो अब शुरू होगा।
TEAM RMC
इन सभी महानायकों पर एक शख्स आंखे गड़ाए नजर रखे हुए था


एसगार्ड में ...
हा हा हा ! ये खेल तो हमें बहुत पसंद आ रहा है। खेल भी किसी और का, चालें भी किसी और की, खिलाड़ी
भी किसी और के, लेकिन जीत हमारी।
तभी पीछे से एक खौफनाक आवाज गूंजी।
ये सब क्या हो रहा है लोकी।
ये लोग ये खेल क्यों खेल रहे है ये सीधे सीधे उसे यहां क्यों नहीं लेकर आ जाते , कहीं ये लोग हमें किसी प्रकार का धोखा तो नहीं देना चाहते है ।
धोखा देने की तो ये लोग सोच भी नहीं सकते उनकी एक बहुत कीमती चीज जो हमारे पास है और इनकी योजना ये है कि जब इनका सबसे शक्तिशाली साथी उसे लेने जाए तो कोई भी सुपर हीरो
उसे रोकने के लिए वहां मौजूद ही न हो।
अब इस इस खेल का अगला चरण शुरू होना था .....


जब भी वफादारी की बात होती हैं तो कुत्ते का नाम सबसे पहले आता है -
कुत्ता अपने घर की रखवाली जान की बाज़ी लगाकर भी करता है।
सूरज जो इस पूरे मुंबई शहर को अपना घर मानता है। सूरज भी अपने घर अर्थात मुंबई की रखवाली जान की बाज़ी लगाकर करता है।
और अपनी पहचान एक कुत्ते की शक्ल जैसे मुखौटे की पीछे छुपा कर रखता है।
जिसे सभी डोगा के नाम से जानते हैं।
डोगा जिसका खौफ़ हर अपराधी के दिलों दिमाग में होता है।
डोगा का एक ही मकसद है ...
मुंबई को अपराध मुक्त करना चाहे तरीका कोई भी हो
कानून तोड़कर ही करता है डोगा कानून की हिफाज़त


आज फिर डोगा हर बार की तरह रात को गश्त पर था।
कि कोई था जो आज उसी पर ही नजर रखे हुए है। और डोगा के आने का ही इंतजार कर रहा था -
अपनी बाज जैसी नजरों से शहर पर नजर रखे हुए था डोगा इस बात से बिल्कुल बेखबर था.....
कैसे हो डोगा ? स्वागत नहीं करोगे हमारा।
बैटमैन यहां ?
लगता है हिंदुस्तान आते ही दबंग मूवी देख ली है तुमने ?
TEAM FMC
मूवी तो नहीं पर एक दबंग को अपने सामने देख रहा हूं और देखना चाहता हूं कि इसकी दबंगई कमजोरों पर ही चलती है या अपने बराबर वालों पर भी।
क्यों डर गए क्या ?
ना कमजोरों पर ना बराबर वालों पर.. सिर्फ गुनहगारों पर। फिर चाहे वो इंसानियत के गुनाहगार हो या कानून के।


डरना डोगा की फितरत में ही नहीं। अगर तू लड़ना चाहता है तो आजा। डोगा मेहमानों का दिल नहीं तोड़ता।
पता नहीं मैं ये सही कर रहा हूं या गलत पर एक बात तो है। अगर टोनी सही निकला तो उस कयामत को आने से कोई नहीं रोक पाएगा इसीलिए मुझे ये करना ही होगा, माफ़ करना डोगा।
तो आज मैं तेरी फितरत ही बदल दूंगा।
आज तक किसी चमगादड़ की इतनी औकात नहीं हुई कि वो कुत्ते की फितरत बदल सके।
ये वादा है तुझसे... डोगा तुझ पर एक भी गोली नहीं चलाएगा बल्कि तुझे अपने पैरो से मसलेगा।
डोगा ने एक भरपूर प्रहार किया।


एक ही प्रहार से बैटमैन को डोगा की ताकत का अनुमान हो चुका था
एक आम इंसान में इतना असा-धारण बल । आश्चर्य है ?
SKRASH
अभी भी समय है । चुपचाप यहां से चला जा जहां से तू आया है , वरना कहीं भी लटकने लायक नहीं छोड़ूंगा तुझे ।
पीछे हटना मैंने सीखा ही नहीं । मेरी फिक्र छोड़..
.. अब तू अपनी फिक्र कर
बैटमैन भी डोगा से कम नहीं था


हम्म ! दम है तुझमें तेरे साथ लड़ कर मज़ा आयेगा।
मुझे भी जरूर आयेगा अगर ....
तेरे ये खिलौने मेरे सामने बेकार साबित होंगे....
...मेरे सामने ज्यादा देर टिक पाए तो।
... और मेरा हर वार तुझे ये एहसास दिलायेगा कि तूने मुझसे पंगा लेकर कितनी बड़ी गलती कर दी


बैटमैन को अभी तू जानता नहीं वरना इतना नहीं उछलता।
POOM
उफ्फ ! बहुत भारी है कमबख्त।
अब ये चमगादड़ तो गया काम से ।
डोगा और बैटमैन दोनों ही समझ चुके थे ये लड़ाई लम्बी चलने वाली है।


राजनगर
टोनी यहां कुछ गड़बड़ होने वाली है। एक हेलीकॉप्टर किसी बिल्डिंग पर उतरा है। उसमें से कुछ हथियारधारी लोग निकलकर बिल्डिंग के अंदर जा रहे हैं। शायद आतंकवादी हैं,मुझे बिल्डिंग के लोगों को बचाने जाना होगा।
टी'चाला। ये तुम्हारा मिशन नहीं है। अपने मिशन पर फोकस करो। उन्हें बचाने के लिए वहां की पुलिस है।
तब तक बहुत देर हो जाएगी और ये सब होगा तुम्हारे जैमर की मेहरबानी से। शायद उसी की बदौलत ये लोग इतनी सरलता से यहाँ तक पहुंच पाए हैं।
ब्रह्माण्ड रक्षकों को एक दूसरे से संपर्क करने से रोकने के लिए ही जैमर का इस्तमाल किया गया था।
लेकिन इसका फायदा इन आतंकवादियो को मिला, अगर यहां किसी की जान जाती है तो उसके जिम्मेदार हम लोग ही होंगे।
ठीक है तुम जाओ और उन आतंकवादियों को उनकी नानी याद दिला दो। लेकिन ध्यान रहे तुम्हारा असली मिशन क्या है।


एक रक्षक अपना कार्य
कभी नहीं भूलता है ....
देश कौन-सा है ....
लोग किस धर्म के है ये
सब उसके लिए कोई
मायने नहीं रखता ...
वो तो निरंतर अपना
कर्त्तव्य निभाते है।
परिस्थिति चाहे
कैसी भी हो
बस अपने कर्त्तव्य
का पालन करते हैं।


शायद तभी इन्हें सुपर हीरो कहा जाता है।
वो हेलीकॉप्टर से भाग रहे हैं। मुझे उन्हें रोकना होगा।
KSSH
राजनगर में इतनी बड़ी घटना होने पर भी इसकी खबर राजनगर के रखवाले तक न पहुंचे....
ऐसा हो ही नहीं सकता
ये ही आतंकवादियों का हेलीकॉप्टर लगता है।
और इस शहर का रखवाला है...


..सुपर कमांडो ध्रुव
ये सोच रहा है कि जैमर इन लोगों ने लगाया है।
जैमर लगा कर तुम लोगों को लगा यहां जो चाहे कर लोगे। लेकिन तुम लोग एक बात भूल गए। ये राजनगर है.. यहां उड़ती चिड़िया भी अपराध की खबर मुझे आकर देती है।


मैंने आते वक्त पुलिस को इनफॉर्म कर दिया था। अब बाकी की
पूछताछ पुलिस कर लेगी, लेकिन एक बात समझ नहीं आ रही है, इतना पावरफुल जैमर इन आतंकवादियों के पास कहाँ से आया? ब्रह्माण्ड रक्षकों से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है?
ये कौन है? कहीं इनका ही तो साथी नहीं है हम्म 100 प्रतिशत इनका ही साथी लगता है।
ठहरो! तुमने कैसे सोच लिया कि तुम यहां से बच कर जा पाओगे?
मैं तो यहां से बच कर ही जाऊंगा सुपर कमांडो ध्रुव...


लेकिन तुम्हें मुझसे कौन बचाएगा?
बाल-बाल बचा ध्रुव ब्लैक पैंथर के वार से
लेकिन अगला वार नहीं बचा पाया
TEAM FMC
अगले ही पल ध्रुव ने भी जोरदार प्रहार किया
हम्म!! दम है तुझमें


तुम्हारे ये खिलौने मेरे सामने बेकार है ध्रुव,लेकिन तुम्हारा...
दिमाग ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है इसीलिए तुम्हें जल्द ही ठिकाने लगाना होगा।
दम निकालना भी आता है मुझे
शायद ये मुझे अच्छे से जानता है। कौन हो सकता है ये?
उफ्फ सही कहा था टोनी ने । ये तो आसपास की चीजों को ही हथियार की तरह काम में ले लेता है।
शायद तुम मेरे ऊपर पूरा होमवर्क करके आए हो।
WHAM


अब इसे एक पल का भी अवसर देना ठीक नहीं होगा , ये कोई साधा-रण इंसान नहीं लगता हैं।
इसे जल्द ही काबू में करना होगा।
और जानना होगा आखिर ये है कौन?
ध्रुव की फुर्ती देख कर दंग रहे गया ब्लैक पैंथर
अब जल्द ही अपने बारे में बकना शुरू कर।
सुपर कमांडो ध्रुव ! क्या तुम्हे सच में लगता है की तुमने मुझे बंधक बना लिया है


नागद्वीप
नागद्वीप एक ऐसा अज्ञात स्थान है जहां इच्छाधारी नाग मानव बसते हैं और इस पूरे नागद्वीप की स्वामिनी है राजकुमारी विसर्पी
नागद्वीप वासी इस बात से बिल्कुल अंजान थे कि ...


... नागद्वीप में आज एक भूचाल आने वाला है
ये क्या बला है?
आक्रमण, नागसैनिकों
आदेश तो दे दिया राजकुमारी विसर्पी ने ....


लेकिन नाग सैनिक उस शख्स के सामने कमजोर साबित हो रहे थे।
ये क्या बला है ? हमारी शक्तियों का तो इस पर कोई प्रभाव नहीं हो पा रहा है मानो जैसे इसका शरीर वज्र का हो। महात्मा कालदूत समाधि में है अब कौन रोकेगा इसे?
मै रोकूंगी इसे
विसर्पी ने वार तो शक्तिशाली किया परन्तु..
आह
उस अंजान शख्स के वार से राजकुमारी को उसकी शक्ति का एहसास हो गया था
हम इस से नहीं जीत पाएंगे। महात्मा कालदूत भी समाधि में लीन है,ऐसे में एकमात्र विकल्प है नागराज
विसर्पी ने एक क्षण की भी देरी नहीं की नागराज से मानसिक संपर्क करने में।


महानगर
जिसका रखवाला है नागशक्ति धारक महा शक्तिशाली नागराज।
नागराज जिसकी शक्तियों का कोई अंत ही नहीं है।
नागराज ! नागद्वीप में एक ऐसी शक्ति का आक्रमण हुआ है जिसका सामना हम नहीं कर पा रहे है। महात्मा कालदूत भी समाधि में लीन है।
कौन है वो विसर्पी ?
WEL-COME TO MAHANAGAR
पता नहीं पर वो जो भी है, बहुत शक्तिशाली प्रतीत हो रहा है।
तुम घबराना मत विसर्पी। मैं अभी वहां पहुंचता हूं।
एक पल की भी देरी किए बिना नागराज नागद्वीप की ओर निकल पड़ा।
कौन हो सकता है इतना शक्तिशाली ?
लेकिन उसका रास्ता रोके खड़ा था...


..THOR
कहीं जा रहे हो ? नागराज !
ये तो थॉर है ! पर यहां क्यों ?
SSRAAAARRRRDDDDD!
मेरा रास्ता रोके क्यों खड़े हो तुम ? मेरे रास्ते से हट जाओ मुझे जल्द नागद्वीप पहुंचना है।
तुम्हें नागद्वीप जाने से रोकने के लिए ही हम यहां आए हैं।
तब तो तुम अपने लिए मुसीबत मोल ले रहे हो।


मुसीबत का भय हमें मत दिखाओ तुच्छ नागमानव। हम थॉर हैं मुसीबत क्या होती है वो हम बताएंगे तुम्हें।
सुना था तुम ब्रह्माण्ड रक्षकों में सबसे शक्तिशाली हो। किन्तु हमें ऐसा लग नहीं रहा है।
तुम्हें हराने में ज्यादा समय नहीं लगेगा
KRANNNG!
SPAAAAANG!
इसे हराना इतना सरल नहीं होगा, लेकिन असंभव भी नहीं है। बस समय लगेगा और समय ही तो नहीं है मेरे पास।


असंभव है ये। हमने पहला वार ही इतना घातक किया था कि कोई और होता तो स्वर्ग सिधार जाता किन्तु ये तो उठ खड़ा हुआ। हमें और घातक वार करने होंगे।
ये मुझे नागद्वीप नहीं जाने दे रहा है। मतलब वो जो भी है इसी का कोई साथी है। ये जरूरकोई गहरा षडयंत्र है।
नागराज इच्छाधारी कणों में बदल कर थॉर के हथौड़े से तो बच गया लेकिन उसका ध्यान लड़ाई में न होकर नागद्वीप पर था।
काश कोई ऐसा मददगार होता जिसे मैं नागद्वीप भेज सकता।
एक मिनट एक मददगार है और वह भी महा शक्तिशाली। वो तेजी से वहां पहुंच भी सकता है और मैं उससे मानसिक संपर्क भी कर सकता हूं।
मित्र तुमने कहा था आवश्यकता पड़े तो याद करना। आज तुम्हारी आवश्यकता आन पड़ी है। नागद्वीप खतरे में है। तुम्हें शीघ्र वहां पहुंचना होगा।
नागराज अपने मित्र को सब कुछ बताता चला गया।
तुम घबराओ मत मित्र। मैं अभी नागद्वीप पहुंचता हूं। नागद्वीप अब मेरी जिम्मेदारी है। तुम बस उस थॉर को अपनी शक्ति से अवगत कराओ।
थॉर के वार से नागराज का संपर्क टूट गया। पर नागराज का काम पूरा हो चुका था।
जरूर मित्र।


नागराज अब नागद्वीप की तरफ से निश्चिंत था।
नागद्वीप पर हुए हमले से उत्पन्न क्रोध का सैलाब नागराज की आंखों में साफ दिख रहा था।
थॉर। तुम मुझसे मुका-बला करना चाहते थे न ..
तो मुकाबला शुरू होता है अब
हम्म ! अब मज़ा आएगा मुकाबले का।
कोई आम इंसान होता तो नागराज के इस प्रहार के बाद उठ भी नहीं पाता, लेकिन थॉर पर कोई
खास असर नहीं हुआ।
नागद्वीप पर हमला करवाने का कारण तुम अपनी मर्ज़ी से बताओगे या जबरदस्ती से ..


...फैसला तुम्हारे हाथ में है।
KRASH
नागराज के प्रहार ने थॉर को बहुत दूर उछाल फेंका।
अपना क्रोध दिखाकर हमें भयभीत करना चाहते हो। थॉर के क्रोध से दुनिया भयभीत होती है। तुम हमारे सामने कुछ भी नहीं हो।
मेरे क्रोध को और अधिक मत भड़काओ थॉर।


मेरे हाथों हारकर तुम्हारा ये घमंड भी टूट जाएगा
ये तो कुछ क्षणों बाद ही पता चल जाएगा। कौन हारता है और कौन जीतता है।
आह! !
AAAAAGHHHH!
TEAM FMC
और जीत निश्चित ही हमारी होगी।
अब ये क्या करने वाला है ?
नागराज को अपने प्रश्न का जवाब.....


...जल्द ही मिल गया।
आह!!!
नागराज की कलाईयों से निकली नागरस्सी ..
..थॉर के पाँव में जा लिपटी
और एक झटके से थॉर जमीन पर आ गिरा।
फिर नागराज ने अपनी कलाईयों से ढेरों सर्प निकाले जो वहाँ पड़े क्षतिग्रस्त वाहनों से जा लिपटे...
...और फिर नागराज ने उन वाहनों की एक आंधी सी ला दी जो ..


...थॉर को अपने आगोश में लेने वाली थी।
अद्भुत है तुम्हारी शक्तियाँ और तुम्हारा युद्ध कौशल। बुद्धि और शक्ति का अद्भुत मिश्रण है तुममें, लेकिन जीत तुम फिर भी नहीं पाओगे ...
...क्योंकि तुम्हारी ये छोटी सी आंधी एक तूफान के देवता का भला क्या बिगाड़ पाएंगी...?
TEAM FMC
अब हम तुम पर जरा भी रहम नहीं करेंगे।
नागराज थॉर के इस वार के लिए तैयार था।


अब बहुत जल्द हम तुम्हें कुछ क्षणों के लिए नागद्वीप की चिंता से मुक्त कर देंगे, तुम्हारे होश छीनकर।
नागद्वीप की चिंता नहीं है मुझे क्योंकि नागद्वीप पर अब ऐसा शख़्स पहुंच चुका है जिसके होते हुए तुम लोग वहां का एक पत्ता भी नहीं हिला सकते।
KRAKA-BA-DOOM!


नागद्वीप
जहां कहर ढाए हुए था
सुपरमैन।
इससे तुम मरोगी तो नहीं पर बेहोश जरूर हो जाओगी।
बेहोश होना तो दूर की बात है...
सुपर मैन विसर्पी को हानि पहुंचता उससे पहले विसर्पी के आगे एक सुरक्षा कवच का निर्माण हो गया जिसका निर्माता था
... मेरे होते हुए...
शक्तिमान
WHAMM
.... विसर्पी को एक खरोंच भी नहीं आ सकती।
?
कहानी जारी रहेगी...
Clash of
The GUARDIANS


आरम्भ हो चुका है एक क़यामत का । टकरा गए हैं सभी रक्षक आपस में शुरू
हो चुका है एक महासंग्राम क्या ये महासंग्राम ही कारण बनेगा महाविनाश का
अगर हाँ तो कोई क्यों नहीं रोकता यह...
clash of
THE GUARDIANS
{ A team FMC Presentation }
STORY, DIALOGS & EDITING
BY
HUKAM MAHENDRA
TEAM FMC

# EDITORIAL

नमस्कार मित्रों !

सर्वप्रथम मेरी यानी हुक्म महेंद्रा और पूरी team FMC की तरफ से आप सबको होली की शुभकामनाएं। अब बात करते है APOCALYPSE की । इस कॉमिक्स को आने में थोड़ा समय जरूर लगा, लेकिन हमारी पूरी कोशिश की गई है यह आपको पसंद आये। इसके लिए मैंने एडिटिंग में पहले की अपेक्षा काफी सुधार किया है। ये कॉन्सेप्ट मेरे जहन में बहुत पहले से था। जब मै जंग कॉमिक्स पर काम कर रहा था, तब हमारे ब्लॉग पर मैंने एक फैन के कमेंट्स देखे। उनकी इच्छा थी राज कॉमिक्स, मार्वल कॉमिक्स और डीसी के पात्रों को एक ही कॉमिक्स में देखने को। और भी काफी फैंस की ये इच्छा थी और मेरी भी थी। फिर क्या बस लग गया इसे पूरा करने में। परेशानियाँ काफी आई। एक शादी सुदा गृहस्थ इंसान को कॉमिक्स के लिए टाइम निकालना ही बहुत बड़ी चुनौती है, लेकिन जुनून हर चुनौती को पार कर गया। बलविंदर भाई,कबीर,विनय,महेश सबने बहुत सहयोग किया इसमें। दोस्तों ! हमारा इरादा किसी भी कॉमिक्स के पात्रों के कॉपीराइट का उलंघन करना बिल्कुल नहीं है। हमारा मकसद सिर्फ कॉमिक्स के प्रति सबके जुनून को जिंदा रखना है। हमारा मकसद किसी भी प्रकार का वित्तीय लाभार्जन ना कभी था और ना होगा। एक बात और दोस्तों। शुरू में मेरी फोटोशॉप एडिटिंग इतनी अच्छी नहीं थी। वैसे ज्यादा अच्छी तो अभी भी नहीं है ( ही ही ही ) लेकिन बलविंदर भाई की बदौलत मेरी फोटोशॉप में काफी सुधार हुआ है। और नतीजा आप सबके सामने है। अंत में ये कहना चाहूँगा कि भविष्य में कभी भी इसकी हार्ड कॉपी नहीं निकाली जाएगी। आपको ये कॉमिक्स कैसी लगी, वो हमे ब्लॉग पर अपने रिव्यू द्वारा जरूर बताएँ और कमियाँ भी जरूर बताए ताकि उनमें सुधार किया जा सके। आपका रिव्यू ही जो हमारे जुनून को बरकरार रखता हैं इसलिए अपना अनमोल रिव्यू जरूर दें।

आपका मित्र

हुक्म महेंद्रा

TEAM FMC

www.facebook.com/teamfanmadecomics


आम शेर से चोट खाया हुआ शेर ज्यादा खूंखार होता है. मेरे भगवान डॉ. कुणाल को चोट पहुंचाकर अमेरिका ने अंगारा को दर्द दिया है। जिसकी सजा उन्हें जरूर मिलेगी। अभी कहानी का अंत नहीं हुआ बल्कि हुआ है...
team FMC की प्रस्तुति
आरम्भ
अंगारा उद्गम श्रृंखला-भाग-1
COMING SOON